हरिभूमि

# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि

रोहतक, बुधवार, 10 जनवरी 2024



11 सांसद चौधरी धर्मबीर सिंह ने ली दिशा की बैठक





12 अटेली की हर कॉलोनी होगी अप्रूव्ड: ऋषिराज






## खबर संक्षेप

### ट्रैक्टर चोरी का आरोपी चढ़ा हत्थे

**रेवाड़ी।** थाना मॉडल टाउन पुलिस ने गत वर्ष ट्रैक्टर चोरी करने के एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बगथला निवासी सुखराम की शिकायत पर गढ़ी बोलनी रोड से उसका ट्रैक्टर चोरी करने का केस दर्ज किया था। पुलिस ने एक आरोपी को जांच के बाद गिरफ्तार कर लिया था। अब पुलिस ने इस मामले में राजस्थान के खरोड़ घोलेट निवासी राकीब को गिरफ्तार किया है।

### कोर्ट से घोषित किया गया पीओ काबू

**रेवाड़ी।** थाना मॉडल टाउन पुलिस ने गत वर्ष कोर्ट से घोषित किए गए एक पीओ को गिरफ्तार किया है। कोर्ट ने रोहतक के खिड़वाली निवासी सोनू को एक मामले में पीओ घोषित करने के बाद उसके खिलाफ केस दर्ज करने के आदेश जारी किए थे। पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर गत वर्ष 14 अक्टूबर को उसके खिलाफ केस दर्ज किया था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार करने के बाद कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

### जीएनएम का कोर्स कर रहा छात्र लापता

**रेवाड़ी।** सहारनवास कॉलेज में जीएनएम का कोर्स कर रहा एक छात्र लापता हो गया। पुलिस शिकायत में जड़थल निवासी अजीत सिंह ने बताया कि उसका भतीजा विष्णु उसके पास रहकर पढ़ाई कर रहा है। वह 5 जनवरी को घर से कॉलेज के लिए निकला था। इसके बाद घर नहीं आया। काफी तलाश करने के बाद भी उसका कोई पता नहीं चला। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद युवक की तलाश शुरू कर दी।

### 12 जनवरी को सुनी जाएंगी मतदाता सूची की आपत्तियां

**रेवाड़ी।** उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं सीटीएम लोकेश ने बताया कि निर्वाचन अधिकारी हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी वार्ड नंबर-39 एवं संयुक्त सीईओ (जीएमसीबीएल) गुरुग्राम की ओर से मतदाता सूची से संबंधित आपत्तियां शुक्रवार 12 जनवरी को दोपहर पूर्व नगराधीश कार्यालय में सुनी जाएंगी।

### जिला में आज संकल्प यात्रा का 42वां दिन

**रेवाड़ी।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के नोडल अधिकारी एवं एडीसी स्वप्रिल रविंद्र पाटिल ने बताया कि 10 जनवरी को पीएम मोदी के 6 प्रचार वाहन दो सत्रों में गांवों में पहुंचकर लोगों को लाभान्वित करेंगे। प्रचार वाहन नंबर-1 गांव शहबाजपुर खालसा में प्रातः 10 बजे व गांव हांसाका में सायं 3 बजे, प्रचार वाहन नंबर-2 गांव कोसली में प्रातः10 बजे व गांव मुमताजपुर में सायं 3 बजे लाभान्वित करेंगे।

### माता रमाबाई अंबेडकर लाइब्रेरी का उद्घाटन कल

**रेवाड़ी।** माता रमाबाई सामाजिक उत्थान संस्था आजाद नगर, की ओर से संचालित रमाबाई अंबेडकर लाइब्रेरी का विधिवत उद्घाटन प्रदेश के सहकारिता मंत्री डा. बनवारी लाल 11 जनवरी को 12 बजे करेंगे। संस्था प्रधान बुधराम पंवार ने बताया कि मंत्री की ओर से दी गई ग्रांट से भव्य लाइब्रेरी का निर्माण किया गया है। लाइब्रेरी में साहित्यिक, विषय संबंधी एवं परीक्षा प्रतियोगिताओं की हजारों की संख्या में पुस्तकें उपलब्ध हैं।

# 'परीक्षा पे चर्चा' के लिए 12 तक होंगे रजिस्ट्रेशन, कक्षा छठी से बाहरवीं के छात्र करें आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

पीपीसी यानी परीक्षा पे चर्चा के-2024 एडिशन के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू हो गए है। कक्षा छठी से बाहरवीं तक के विद्यार्थी 12 जनवरी तक विभाग की वेबसाइट पर ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं। हालांकि अभी शिक्षा मंत्रालय की ओर से परीक्षा की तिथि निर्धारित नहीं की हैं।

बता दें कि कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी माता-पिता और शिक्षकों के साथ भी बातचीत करेंगे, ताकि छात्रों को उनके सभी सपनों और लक्ष्यों को पूरा करने में मदद और सक्षम बनाया जा सके। परीक्षा पे चर्चा में पीएम मोदी छात्रों के साथ परीक्षा के तनाव को दूर करने के टिप्स



महेंद्रगढ़। खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय।

सांझा करते हैं और शिक्षा और करियर से संबंधित उनके सवालों के जवाब देते हैं। इसके अलावा, माई-गो पर प्रतियोगिता के माध्यम से चुने गए लगभग 2,050 छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों को शिक्षा मंत्रालय द्वारा परीक्षा पर चर्चा किट उपहार में दी जाएगी। यह भी बता दें कि पीएम मोदी की परीक्षा पे चर्चा 2018 से प्रतिवर्ष आयोजित की जाती रही है, जहां प्रधानमंत्री छात्रों और शिक्षकों के साथ बातचीत करने के लिए लाइव होते हैं। यह प्रोग्राम देश व प्रदेश में परीक्षा के मौसम की शुरुआत पर आयोजित किया जाता है।

विद्यार्थियों के लिए यह पीएम मोदी से डायरेक्ट बात करने का एक प्लेटफॉर्म है, जहां रजिस्ट्रेशन किए बिना इस कार्यक्रम में भाग नहीं लिया जा सकता है। परीक्षा पे चर्चा-2024 के लिए पंजीकरण शुरू कर दिया गया है। विद्यालय शिक्षा निदेशालय ने प्रदेश के सभी जिला शिक्षा अधिकारी व खंड शिक्षा अधिकारी को पत्र जारी कर विद्यार्थियों को रजिस्ट्रेशन करवाने के लिए आह्नन किया गया है।

### विद्यार्थी ऐसे करें रजिस्ट्रेशन

- सबसे पहले आधिकारिक वेबसाइट पर जाएं।
- होम पेज पर, पीपीसी-2024 लिंक पर क्लिक करें।
- यहां पार्टिसिपेट पर क्लिक करें और छात्र, शिक्षक और अभिभावक में से किसी एक लॉग इन पर क्लिक करें।
- अब अपना मोबाइल नंबर या फोन नंबर के माध्यम से रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया पूरी करें।
- रजिस्ट्रेशन के बाद सबमिट पर क्लिक करें और आगे के लिए डिटेल्स सेव कर लें।
- छात्रों को प्रदान किए गए विषयों में से किसी एक पर अपना रिस्पॉन्स दे सकते हैं।
- छात्र प्रधानमंत्री को अपने प्रश्न अधिकतम 500 अक्षरों में भी प्रस्तुत कर सकते हैं।
- माता-पिता और शिक्षक भी विशेष रूप से उनके लिए डिजाइन की गई ऑनलाइन गतिविधियों में भाग ले सकते हैं और अपनी एंट्रीज जमा कर सकते हैं।

### इन विषयों पर भेज सकेंगे आलेख

प्रतियोगिता के इच्छुक विद्यार्थी और शिक्षकों को अपने आलेख विषय आधारित भेजने होंगे। विद्यार्थी हमारी आजादी के नायक, हमारी संस्कृति, हमारा गर्व, मेरी प्रिय किताब, आने वाली पीढ़ियों के लिए पर्यावरण सुरक्षा, अच्छा स्वास्थ्य क्यों जरूरी है, मेरा स्टार्टअप का सपना, सीमाओं के बिना शिक्षा, विद्यालय में खेलने के लिए खिलौने और खेल विषय पर अपनी रचना तैयार कर सकेंगे। शिक्षक अपने आलेख हमारी धरोहर, सीखने के लिए समर्थ वातावरण, कौशल के लिए शिक्षा, पाठ्यक्रम का कम भार और परीक्षा का कोई भय नहीं, भविष्य में शिक्षा की चुनौतियां जैसे विषय और अभिभावक अपने आलेख मेरा बच्चा, मेरा अध्यापक, प्रौढ़ शिक्षा-सभी को साक्षर बनाए, सीखना और एक साथ बढ़ना विषय पर भेज सकेंगे।

## विभिन्न गांवों में पहुंची विकसित भारत जनसंवाद संकल्प यात्रा

# अंत्योदय परिवारों के लिए वरदान साबित हो रही दयालु योजनाः राज्यमंत्री

- नागरिकों को विकसित भारत की शपथ दिलाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

विकसित भारत जन संवाद संकल्प यात्रा मंगलवार को सतनाली खंड के गांव राजावास व बलाना, अटेली खंड के उनींदा व बेगपुर, निजामपुर खंड के पाचनौता व मुसनोता तथा सिहमा खंड के मित्रपुरा, अकबरपुर रामू व फैजाबाद गांव में पहुंची। इस अवसर पर नागरिकों को विकसित भारत की शपथ दिलाई। गांव मित्रपुरा व अकबरपुर रामू में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्यमंत्री ओमप्रकाश यादव व पाचनौता में भिवानी महेंद्रगढ़ सांसद चौधरी धर्मबीर सिंह तथा फैजाबाद में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्यमंत्री ओमप्रकाश यादव व भिवानी महेंद्रगढ़ सांसद चौधरी धर्मबीर सिंह ने मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की। वहीं बलाना में पूर्व शिक्षामंत्री रामबिलास शर्मा, उनींदा में पूर्व डिप्टी स्पीकर संतोष यादव, राजावास में भाजपा युवा मोर्चा कार्यकारिणी सदस्य नवीन शर्मा व बेगपुर में प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सुगंनचंद सैनी ने मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की। मुसनोता में



नारनौल। होनहार विद्यार्थियों को सम्मानित करते सांसद चौधरी धर्मबीर सिंह।


सरपंच कृष्ण कुमार ने विकसित भारत की शपथ दिलाई। इस अवसर पर सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्यमंत्री ओमप्रकाश यादव ने कहा कि प्रदेश सरकार की ओर से अंत्योदय परिवारों को सामाजिक-वित्तीय सुरक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से शुरू की गई दयालु योजना वरदान साबित हो रही है। उन्होंने कहा कि दयालु योजना के तहत पीपीपी सत्यापित आंकड़ों के आधार पर 1.80 लाख रुपये तक की वार्षिक आय वाले परिवार के सदस्य की मृत्यु या विकलांगता 70 प्रतिशत से अधिक के मामले में सहायता प्रदान की जाती है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में वर्तमान सरकार में आम आदमी के कार्य आसानी से हो रहे हैं। सरकार ने आधुनिक तकनीक का प्रयोग करते हुए व्यवस्था परिवर्तन का काम किया है। पूर्व डिप्टी स्पीकर संतोष यादव ने कहा कि केन्द्र व प्रदेश सरकार की ओर से विकसित भारत जन संवाद संकल्प यात्रा प्रत्येक गांव में जा रही है। इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य गरीब से गरीब व्यक्ति को सरकार की योजनाओं का लाभ देना है। उन्होंने कहा कि सरकार महिलाओं को धुंआ रहित गैस रसोई के लिए निःशुल्क गैस कनेक्शन देकर दे रही है। पूर्व शिक्षामंत्री रामबिलास शर्मा ने संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र व राज्य सरकार ने अपने लगभग साढ़े नौ साल के कार्यकाल में समाज के अंतिम व्यक्ति को सरकारी सेवाएं प्रदान करने की दिशा में ठोस कदम उठाते हुए समाज की मुख्यधारा से जोड़ा है। उन्होंने कहा कि हम सबको मिलकर इस देश को विकसित राष्ट्र की श्रेणी में खड़ा करना है। इसी उद्देश्य से सरकार हर गांव व हर व्यक्ति तक पहुंचकर सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के साथ जोड़ा जा रहा है। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार ने परिवार पहचान पत्र के माध्यम से पात्र व्यक्तियों को योजनाओं का लाभ देने का कार्य किया है। अब गरीब नागरिकों को दफ्तर के चक्कर लगाने की जरूरत नहीं पड़ती बल्कि उनके घर द्वार पर ही कार्य हो रहे हैं।

### अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक खुद पहुंच रही सरकारः धर्मबीर सिंह

भिवानी-महेंद्रगढ़ के सांसद चौधरी धर्मबीर सिंह ने कहा कि कहा कि सरकार अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक खुद पहुंच रही है और उसे योजनाओं के साथ जोड़ रही है। इससे पहले लोग सरकार को ढूंढते थे। आज सरकार लोगों को ढूंढ कर योजनाओं के साथ जोड़ रही है। सांसद गांव पांचनोता में विकसित भारत जन संवाद संकल्प यात्रा में मुख्य अतिथि के तौर पर संबोधित कर रहे थे। नागरिकों को संबोधित करते हुए सांसद ने कहा कि संकल्प यात्रा केवल सरकार की नहीं बल्कि यह लोगों की यात्रा बन चुकी है। यह सपने, संकल्प और भरोसे की यात्रा बन चुकी है। उन्होंने कहा कि मोदी की गारंटी वाली गाड़ी को आज देश का हर क्षेत्र व हर परिवार अपने बेहतर भविष्य की उम्मीद के रूप में देख रहा है। आज पूरे विश्व में इस यात्रा की चर्चा है। सिंह ने कहा कि सरकार चाहती है कि वर्तमान और भावी पीढ़ियों का भविष्य उज्ज्वल रहे। उन्होंने कहा कि देश का गरीब तबका आर्थिक रूप से मजबूत होगा तो देश ताकतवर होगा।

### आज इन गांवों में जाएगी विकसित भारत जन संवाद संकल्प यात्रा

आत्मनिर्भर व विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प को लेकर चल रही विकसित भारत जन संवाद संकल्प यात्रा 10 जनवरी को सतनाली खंड के गांव डालनवास व गादड़वास, अटेली खंड के अटेली व सैदपुर, निजामपुर खंड के बखरिजा व रोपड़ सराय, सिहमा खंड के सलूनी, नूनी कला व शहरपुर गांव में जाएगी। प्रशासन ने इन गांव में सभी प्रकार की तैयारी पूरी कर ली है, ताकि लोगों को सरकार की जनकल्याणकारी योजना व सेवाएं लेने में किसी प्रकार की परेशानी न हो।



महेंद्रगढ़। विकसित भारत की शपथ दिलाते शिक्षा मंत्री प्रो. रामबिलास शर्मा।

# ग्रामीणों को विकसित भारत की शपथ दिलाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

- म्हारी लाडो म्हारी शान के तहत कराया कुआं पूजन

विकसित भारत संकल्प यात्रा गांव राजावास व बलाना पहुंची। गांव बलाना में पूर्व शिक्षा मंत्री प्रो. रामबिलास शर्मा व राजावास में भाजपा प्रदेश युवा मोर्चा कार्यकारणी सदस्य नवीन शर्मा मुख्यातिथि मौजूद थे। दोनो गांवों में मुख्यातिथि ने विकसित भारत की शपथ दिलाई। रामबिलास शर्मा ने कहा आज मोदी की गारंटी वाली गाड़ी गांव में पहुंची है। यह यात्रा पूरे भारत में हर राज्य में हर गांव में चल रही है। इस यात्रा का केवल एक ही मकसद है, गांव के अंतिम व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं को पहुंचाना। इस यात्रा में आए विभिन्न विभागों से अधिकारी आप लोगों की समस्याए सुनेंगे व विभागीय स्कीमों की जानकारी देंगे। गांव बलाना में मुख्यातिथि ने गांव के सबसे बुजुर्ग पुरूष जग्गाराम व गांव के शहीद ताराचंद व सुरेंद्र के परिजनों को सम्मानित किया। इसी तरह गांव के खिलाड़ी पूनम, सोनम, जीतपाल, परमजीत को अभिनंदन पत्र देकर सम्मानित किया। गांव राजावास में मुख्यातिथि ने गांव की सबसे बुजुर्ग महिला चांदनी देवी को शॉल पहनाकर सम्मानित किया। गांव राजावास में मुख्यातिथि ने चंचल सुपरवाइजर की अध्यक्षता में म्हारी लाडो म्हारी शान के तहत गांव की ममता कुमारी, कोमल का कुआं पुजन मनाया व गांव की करिश्मा, कामना, पूनमलता की गोद भराई की रस्म करी। गांव बलाना में शर्मा ने सुपरवाइजर की अध्यक्षता में गांव की नचीता, रीना, गीता की गोद भराई रस्म कर उनको शुभकामनाएं दी। इस मौके पर एसईपीओ प्रवीन कुमार, जिला समाज कल्याण विभाग से हिमांशु, जिला कल्याण विभाग से सतेंद्र बलाना, श्रम विभाग से सुरेंद्र लांबा, ग्राम सचिव राजेंद्र के अलावा अन्य अधिकारी एवं गांव के नागरिक मौजूद थे।

# कृष्ण बाबा गुदरिया गोशाला को दिए 2 लाख 33 हजार रुपए



महेंद्रगढ़। अतिथियों का स्वागत करते हुए। फोटोः हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

गांव माधोगढ़ स्थित श्री कृष्ण बाबा गुदड़िया गोशाला में चार दिवसीय कार्यक्रम के तीसरे दिन भी सांग व रागनी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मंगलवार के कार्यक्रम में मुख्यातिथि गांव बलाना से रावत परिवार में से रामप्रकाश, रतनलाल, ओमप्रकाश, रमेश बलाना व कृष्ण पहलवान रहे, जिन्होंने गोशाला संस्था को दो लाख 33 हजार 500 रुपये की राशि गोशाला में योगदान दिया। कार्यक्रम में अध्यक्षता आम आदमी पार्टी के युवा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. मनीष यादव रहे।

डॉ. मनीष यादव ने भी 51 हजार रुपये गोशाला को भेंट किए। इसके अलावा महेश शर्मा माधोगढ़ में 51 हजार रुपये, बद्री प्रसाद माधोगढ़ ने 21 हजार रुपये, सत्यप्रकाश लांबा ने11 हजार रुपये, कमल सिंह माधोगढ़ ने 11 हजार रुपये, सेठ गजानंद माधोगढ़ ने 50 पेटी गुड़, ओमवीर ने 11500, पूर्व गोशाला प्रधान कैप्टन मुंशीराम ने 11 हजार रुपये, डिगरोता गांव ने 21800 रुपये, प्रदीप बारड़ा ने 21 हजार रुपये का गोशाना में योगदान दिया।

इस मौके पर गोशाला प्रधान मुकेश झुकियां, उपप्रधान जुगल किशोर गुप्ता, सीताराम बुचावासियां, पितराम, रामपाल शर्मा, मुन्ना सेठ माधोगढ़, रामकिशन शर्मा, जगत बारड़ा, सुधीर बारड़ा, धर्मपाल बलायचा, रामभगत फौजी, सुधीर लांबा, माधोगढ़ के सरपंच रामपाल, धर्मपाल बारड़ा, धर्मवीर सरपंच सहित अनेक अनेक लोग उपस्थित रहे।

### जाट समाज के चुनाव के लिए चुनाव अधिकारी नियुक्त

**रेवाड़ी।** जाट समाज की ओर से सतीश कुमार जोशी को चुनाव अधिकारी नियुक्त किया गया है। जोशी ने कहा कि संस्था ने सभा के सभी सदस्यों की सूची जाट समाज की धर्मशाला के नोटिस बोर्ड पर चश्मा कर दी गई है। उन्होंने कहा कि इस सूची में संस्था के किसी भी सदस्य को किसी भी प्रकार का एतराज हो तो वह 28 जनवरी तक अपनी आपत्ति लिखित रूप में दर्ज करा सकता है तथा इसकी पावती भी प्राप्त कर सकता है। 28 जनवरी के बाद प्राप्त किसी भी ऐतराज पर कोई कार्रवाई नहीं की जाएगी। उन्होंने बताया कि कोई भी सदस्य अपना एतराज भाड़ावास रोड स्थित जिला रजिस्ट्रार कर्म एवं समितियां कार्यालय पंचायत भवन को भी दे सकते है।

# फुटबॉल टूर्नामेंट में दूसरे दिन हुए रोचक मुकाबले

- गांव धनौंदा में चल रही 69वीं श्री बाबा दयाल फुटबॉल टूर्नामेंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

गांव धनौंदा में चल रही 69वीं श्री बाबा दयाल फुटबॉल टूर्नामेंट के दूसरे दिन मंगलवार को अच्छे मुकाबले देखने को मिले। धनौंदा फुटबॉल क्लब के प्रधान डा. मुकेश सिंह व सचिव भूपेंद्र सिंह ने बताया कि पहला मैच शहीद महेशपाल फुटबॉल क्लब धनौंदा व गंगवा हिसार के बीच हुआ। जिसमें शहीद महेशपाल फुटबॉल क्लब धनौंदा की टीम विजयी रही। इसके अलावा



नारनौल। फुटबॉल प्रतियोगिता में भाग लेते खिलाड़ी। फोटोः हरिभूमि

धनौंदा फुटबॉल क्लब व अजीतपुरा के मैच में अजीतपुरा की टीम विजेता रही। कोटा व डायमंड क्लब धनौंदा के बीच हुए मैच में कोटा ने डायमंड क्लब ने धनौंदा को हराया। गोल्डन स्टार क्लब खेड़ी व भागवी के बीच हुए रोचक मुकाबले में भागवी ने गोल्डन स्टार क्लब खेड़ी की टीम को पराजित किया। भिवाड़ी व गढ़ी हरसरू के बीच हुए मुकाबले में भिवाड़ी की टीम विजयी रही। गोल्डन स्टार क्लब खेड़ी बी व शंकरपुरा के बीच हुए मुकाबले में गोल्डन स्टार क्लब खेड़ी की टीम ने जीत दर्ज की। शहीद महेश पाल फुटबॉल क्लब धनौंदा बी का मुकाबला प्रभुवाला हिसार के साथ हुआ, जिसमें प्रभुवाला की टीम विजेता रही। आसरा का माजरा व उन्हाणी के बीच हुए रोचक मुकाबले में आसरा का माजरा की टीम ने जीत दर्ज की। बलंभा व खोल के बीच भी रोमांचक मुकाबला देखने को मिला। जिसमें खोल की टीम ने जीत दर्ज की। समाचार लिखे जाने तक रोहतक व रेवाड़ी के बीच मुकाबला चल रहा था, जिसमें दोनों टीमें बराबरी पर चल रही थी।

### सीएचसी नाहड़ में 57 गर्भवती महिलाओं ने कराई स्वास्थ्य जांच

- महिलाओं को आयरन तथा कैल्सियम की टेबलेट वितरित की

**नाहड़।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नाहड़ में मंगलवार को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य की जांच की गई। सीएचसी में अनेक गांवों से आई 57 महिलाओं ने अपने स्वास्थ्य की जांच कराई। डॉ. निशु ने नर्सिंग ऑफिसर पुष्पा, अन्नु, एलटी राहुल, युधिष्ठिर, अमित व मुकेश की टीम के साथ गर्भवती महिलाओं के ब्लड ग्रुप, शुगर, एचआईवी, एचबी, यूरिन, बीपी, हाइट व वेट की जांच करके आयरन तथा कैल्सियम की टेबलेट वितरित की। इस मौके पर डॉ. निशु ने कहा कि इन दिनों सूबे में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। ऐसे में गर्भवती महिलाएं सुबह-शाम घर से बाहर न निकलें। महिलाएं धूप निकलने पर ही घर से बाहर निकलें। गर्भवती महिलाओं को हल्का व्यायाम करने की सलाह दी। इस मौसम में गर्भवती महिलाएं खान-पान का विशेष ध्यान रखें। किसी भी प्रकार की दिक्कत होने पर अस्पताल में डॉक्टर को दिखाएं।

### अब ट्यूबवेलों पर दिन में 8 घंटे मिलेगी बिजली

**रेवाड़ी।** हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने प्रदेश में बढ़ती ठंड के कारण किसानों को अपने खेतों में पानी देने में आ रही परेशानी को दूर करने की दिशा में किसान हितैषी फैसला लिया है। मुख्यमंत्री ने ट्यूबवेलों पर दी जाने वाली बिजली सप्लाई के समय में परिवर्तन किया है। रेवाड़ी सर्कल में सुबह 10 बजे से लेकर सायं 6 बजे तक बिजली सप्लाई दी जाएगी। इस निर्णय से किसानों की कठिनाई कम होगी और वह दिन के समय में अपने खेतों को सिंचित कर सकेंगे। सीएम ने बिजली निगम के अधिकारियों को किसानों को सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है। बिजली आपूर्ति का यह शेड्यूल आगामी 31 जनवरी तक जारी रहेगा। सरकार की ओर से 31 जनवरी के बाद इसकी पुनः समीक्षा की जाएगी और यदि आवश्यकता हुई तो इसे आगे भी बढ़ाया जाएगा।

## सैनी सभा की ओर से न्यू सैनी धर्मशाला में कार्यक्रम आयोजित

# गुलाब सिंह सैनी का मनाया बलिदान दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

सैनी सभा की ओर से न्यू सैनी धर्मशाला में महान योद्धा सेनापति गुलाब सिंह सैनी का बलिदान दिवस मनाया गया।

सर्वप्रथम सभा प्रधान व पदाधिकारियों के साथ समाज के सभी गणमान्य व्यक्तियों ने सेनापति गुलाब सिंह सैनी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। इस अवसर पर सैनी सभा के प्रधान बिशन कुमार सैनी ने बताया कि गुलाब सिंह सैनी का जन्म



नारनौल। गुलाब सिंह सैनी का बलिदान दिवस मनाते हुए। फोटोः हरिभूमि

बल्लभगढ़ के एक साधारण किसान परिवार में हुआ। वे राजा नाहर सिंह की सेना में भर्ती हुए और अपनी बहादुरी से सेनापति तथा सलाहकार बन गए। 10 मई 1857 को जब मेरठ व अंबाला से सैनिकों ने दिल्ली अधिकार करने के लिए हमला किया तो गुलाब सिंह सैनी की सेना भी लड़ी और अंग्रेजों को मुंह की खानी पड़ी। उन्होंने बताया कि राजा नाहर सिंह अपने महान योद्धा सेनापति गुलाब सिंह सैनी के साथ दिल्ली मोर्चा पर अंग्रेजों से लोहा लेने के लिए अड़ गए, लेकिन भरोसा देने वाले अंग्रेजों की फूट डालो और राज करो की चाल में आ गए तथा उन्होंने दिल्ली से दूरी बना ली, लेकिन गुलाब सिंह सैनी ने हार नहीं मानी और अंग्रेजों को खदेड़ दिया। एक दिन अंग्रेजों ने गुलाब सिंह सैनी को धोखे से गिरफ्तार कर लिया व नौ जनवरी 1858 को चांदनी चौक पर राजा नाहर सिंह के साथ फांसी पर चढ़ा दिए गए।

### मौके पर ये लोग थे मौजूद

मौके पर सैनी सभा के उप प्रधान रोहतास सैनी, महासचिव निहाल सैनी, सचिव भारत सैनी, कोषाध्यक्ष बलवंत सैनी, कार्यकारिणी सदस्य बिशंबर दयाल सैनी, डा. राजकुमार सैनी, मदनलाल सैनी, विजय सैनी, प्रचार सचिव रामनरेश सैनी, अरुण सैनी, सूबे सैनी, कैप्टन हरीश सैनी, रामनिवास सैनी, सुरेश सैनी, मास्टर नरवर सैनी, ओमप्रकाश सैनी, पूर्व प्रधान मोहर सिंह सैनी, पूर्व महासचिव केसरी नंदन सैनी, धर्मसिंह सैनी, गौतम सैनी, यादराम सैनी, गणेश सैनी, नरेंद्र सैनी, प्रेम मैनेजर, किशोरी सैनी, मानसिंह सैनी आदि मौजूद थे।

# नशा न करने की शपथ दिला रही एचएसएनसीबी की टीम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

राज्य नार्कोटिक्स कंट्रोल ब्युरो प्रमुख अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक ओपी सिंह के मार्गदर्शन एवं पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार के नेतृत्व में हरियाणा में नशा रोकने के लिए लोगों को शपथ दिलाई जा रही है। नशा नहीं करने को लेकर यह शपथ लोटे में नमक डालकर दिलाई जा रही है। अभियान के तहत नार्कोटिक्स कंट्रोल ब्युरो जिला युनिट ने सदर थाने गांवों के सरपंच व पंच सहित अन्य लोगों को नशे से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी दी तथा सभी को लोटे में नमक डलवाकर नशा न करने की शपथ दिलाई। इस मौके पर डीएसपी सिटी पवन कुमार, नार्कोटिक्स युनिट के इंचार्ज इंस्पेक्टर अनिल कुमार व उप निरीक्षक संजय सहित नार्कोटिक्स युनिट की टीम मौजूद थी। इस मौके पर इंस्पेक्टर अनिल कुमार ने



रेवाड़ी। कार्यक्रम में मौजूद नार्कोटिक्स कंट्रोल ब्युरो टीम व ग्रामीण। फोटो :हरिभूमि

कहा कि अगर कोई भी नशा करता है या नशे का कोई व्यापार करता है तो उसकी सूचना नार्कोटिक्स कंट्रोल ब्युरो के टोल फ्री नंबर 9050891508 दें। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा। नशे के कारोबारियों को किसी भी सूरत में बक्शा नहीं जाएगा, जिसके लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है।

## खबर संक्षेप

### रसगण से ट्रांसफार्मर चोरी का केस दर्ज

**धारूहेड़ा।** पुलिस ने रसगण से चोरी हुए ट्रांसफार्मर का केस दर्ज किया है। बिजली निगम के एसडीओ आशीष मित्तल ने पुलिस को दर्ज शिकायत में बताया कि गांव के बिजली उपभोक्ता नरेश ने सूचना दी कि चोर गांव में लगे 16 केवीए क्षमता के बिजली ट्रांसफार्मर को जमीन पर गिराकर ऑयल व क्वाइल चोरी कर ले गए।

### स्कूल के कमरे का ताला तोड़कर चोरी

**बावल।** गढ़ी बोलनी के सरकारी स्कूल से चोर कमरे का ताला तोड़कर सामान चोरी कर ले गए। पुलिस को दर्ज शिकायत में स्कूल की पीजीटी शोभा कुमारी ने बताया कि रात के समय चोरों ने स्कूल के कमरे का ताला तोड़कर दो बैट्री और एक इन्वर्टर चोरी कर ले गए। काफी तलाश करने के बाद भी चोरों का पता नहीं चला।

### बाइक की चपेट में आकर एक व्यक्ति घायल

**बावल।** असाही पुल के पास बाइक की चपेट में आकर एक कंपनी कर्मचारी घायल हो गया। पुलिस बयान में सुनीता साहू ने बताया कि वह और उसका पति कैलाश नेशनल हाइवे के सर्विस रोड से जा रहे थे। असाही पुल के सामने एक बाइक ने उसके पति को टक्कर मार दी। बाइक सवार भी गिरकर घायल हो गया। पुलिस ने बाइक चालक के खिलाफ केस

### पशु क्रूरता अधिनियम के तहत एक गिरफ्तार

**कुंड।** कुंड बैरियर के पास एक गाड़ी में चार पशु ले जाने के आरोप में पुलिस ने गाड़ी चालक के खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम के तहत केस दर्ज किया है। महिला नंदनी मटयानी की शिकायत पर गाड़ी चालक नूंह के इलावास निवासी सलाउद्दीन पिकअप गाड़ी में दो भैंस और दो कटिया निर्मतता से भरकर ले जा रहा था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज करने के बाद उसे गिरफ्तार कर लिया।

# हरियाणा, दिल्ली में सबसे ठंडा रहा नारनौल, रात्रि तापमान 6.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज

- आने वाले दिनों में भी कड़ाके की ठंड से राहत के आसार नहीं दिख रहे

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

प्रदेश के साथ जिला महेंद्रगढ़ में लगातार हाड़कंपा देने वाली ठंड का सितम देखने को मिल रहा है। कोहरा, कोल्ड-डे के साथ ही ठंडी हवाएं चलने से रात्रि तापमान में गिरावट दर्ज हो रही है। संपूर्ण इलाके में रात्रि तापमान एकल संख्या में बने हुए। वहीं शीतलहर अपने प्रचण्ड तेवरों से आगाज किए हुए। जिससे आमजन कड़ाके की ठंड से ठिठुरने को मजबूर हैं। वहीं जिले में नारनौल की रात सम्पूर्ण हरियाणा एनसीआर दिल्ली में सबसे ठंडी रही। यहां



**नारनौल।** धुंध में सड़क पर चलते वाहन। फोटो : हरिभूमि

का रात्रि तापमान 6.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य तापमान से 1.4 डिग्री सेल्सियस अधिक दर्ज किया गया। वर्तमान में एक कमजोर पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से एक प्रेरित चक्रवातीय सकुरलेशन पूर्वी राजस्थान, उत्तरी मध्यप्रदेश व दक्षिणी उत्तरप्रदेश पर बना हुआ है। इस मौसम प्रणाली का हरियाणा एनसीआर दिल्ली पर केवल दक्षिणोत्तर हिस्सों होडल, मेवात, पलवल जिलों में छिटपुट बूंदाबांदी हुई, जबकि दक्षिणी जिलों में लगातार नमीं की मात्रा में बढ़ोतरी होने से कोहरे के घनत्व में फिर से बढ़ोतरी हुई है। जिसकी वजह से वातावरण के ऊपरी और निचले स्तर पर कोहरा अपना रंग दिखाया। मंगलवार को अलसुबह सम्पूर्ण इलाके में सघन कोहरे के साथ ओंस की फुहार भी पड़ी। जिसकी वजह से सुबह खुले स्थानों, सड़कों, खेत-खलिहानों व घरों की छत भीगी हुई मिली। वहीं ओंस की बूंदों के कारण आमजन के कपड़े भी भीग गए। राहगीरों के चेहरे पर ओंस की बूंदें फुहार की तरह पड़ रही थी। ओंस की बूंदों से बाइक चलाने वालों को भी परेशानी हुई।

### ठंड से अभी राहत नहीं

मौसम विशेषज्ञ डा. चन्द्रमोहन ने बताया कि मंगलवार को जिले में नारनौल व महेंद्रगढ़ में दिन तथा रात के तापमान में ज्यादा अंतर नहीं रहा। जिसकी वजह से आमजन को हाड़कंपा देने वाली ठंड में ठिठुरने से मजबूर होना पड़ा है। उन्होंने बताया कि बुधवार को यह कमजोर पश्चिमी विक्षोभ आगे निकल जाएगा। जिसकी वजह से एक बार फिर हवाएं उत्तरी बर्फिली चलने लगेगी। जिसकी वजह से आने वाले दिनों में कड़ाके की हाड़कंपा देने वाली ठंड से अभी राहत के आसार नहीं हैं। सम्पूर्ण इलाके में अभी नमी में प्रचुरता होने की वजह से कोहरा, कोल्ड-डे व कोल्ड वेब अपने प्रचण्ड तेवर दिखाती रहेंगी।

### दिन का पारा भी गिरा

मंगलवार हरियाणा एनसीआर दिल्ली में अधिकतर स्थानों पर रात्रि तापमान 6.0 डिग्री सेल्सियस से 9.0 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज किया गया, जबकि जिले में नारनौल की रात सम्पूर्ण हरियाणा एनसीआर दिल्ली में सबसे ठंडी रही। जिले में नारनौल व महेंद्रगढ़ का रात्रि तापमान क्रमशः 6.0 डिग्री सेल्सियस व 9.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य तापमान से 1.4 डिग्री सेल्सियस अधिक दर्ज किया गया। जिले में दोपहर बाद तक संघन कोहरे की सफेद चादर की वजह से सूर्य के दर्शन नहीं हुए। जिसकी वजह से सम्पूर्ण इलाके में कोल्ड-डे व कुछ स्थानों पर गंभीर कोल्ड डे की स्थिति बनी रही।

## सांसद धर्मबीर सिंह ने ली दिशा की बैठक

# सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट के तहत 34 गांवों में शेड बने, 260 के लिए मंजूरी प्रदान की

- सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्यमंत्री ओमप्रकाश यादव रहे मौजूद
- जिला के स्वयं सहायता समूहों के कार्यों की सराहना की
- प्रधानमंत्री की सोच के अनुरूप प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दें कृषि अधिकारी : धर्मबीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

भिवानी-महेंद्रगढ़ के सांसद चौधरी धर्मबीर सिंह ने मंगलवार को पंचायत भवन में केंद्र सरकार की ओर से प्रायोजित योजनाओं को लेकर दिशा (डिस्ट्रिक डेवलपमेंट कोऑर्डिनेशन एंड मॉनिटरिंग कमेटी) की समीक्षा बैठक की। सांसद ने जिला की बिहाली गौशाला में स्थापित किए जाने वाले गोबरधन प्रोजेक्ट के संबंध में जानकारी ली। इस पर अधिकारियों ने बताया कि इस प्रोजेक्ट पर 104.40 लाख रुपये का एस्टीमेट तैयार करवाया गया है।

एक्सईएन पंचायती राज की तरफ से 65 गांवों में सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट के लिए शैड बनाए जाने हैं। इनमें से 34 पर कार्य पूरा हो चुका है तथा 31 पर कार्य चल रहा है। इस पर 226.84 लाख रुपये खर्च हुए हैं। इसके अलावा 260 गांवों में नए शैड स्वीकृत हुए हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि हरियाणा ग्रामीण विकास बोर्ड की तरफ से खेत खलिहान योजना के तहत प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में तीन व चार करम चौड़ी 25 किलोमीटर लंबी सड़कें बनाई जानी हैं। इसके लिए केस तैयार करके भेजा जाए। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन की समीक्षा करते हुए सांसद ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सोच के अनुरूप जिला महेंद्रगढ़ में स्वयं सहायता समूहों को नैनो यूरिया छिड़काव के लिए ड्रोन का प्रशिक्षण दिलाया जाए।

अधिकारियों ने बताया कि इसके लिए जिला महेंद्रगढ़ के तीन स्वयं सहायता समूह आगे आए हैं। उन्हें जल्द प्रशिक्षण के लिए भेजा जाएगा। सांसद ने जिला महेंद्रगढ़ में कार्यरत स्वयं सहायता समूह के कायोंर् की सराहना की। उन्होंने कहा कि यहां का स्वयं सहायता समूह राष्ट्रीय स्तर पर लगने वालों मेलों में अपनी उपस्थिति दर्ज करता है। इन्हें और अधिक सशक्त बनाया जाए।



**नारनौल।** अधिकारियों की बैठक लेते सांसद धर्मबीर सिंह। फोटो : हरिभूमि

### प्राकृतिक खेती पर फोकस

कृषि से जुड़ी योजनाओं की समीक्षा करते हुए सांसद ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मुख्य फोकस प्राकृतिक खेती पर है। कृषि अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि लक्ष्य निर्धारित करके किसानों को प्राकृतिक खेती की तरफ लेकर जाएं। इस दौरान सांसद ने मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना, सांसद आदर्श ग्राम योजना, समग्र शिक्षा, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, जल जीवन मिशन सहित विभिन्न योजनाओं की बारी-बारी से समीक्षा की। अधिकारियों ने बताया कि प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान अब तक 409 लाभार्थियों को मुफ्त में गैस कनेक्शन वितरित किए गए हैं। वहीं जिले में अब तक प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत 20 हजार से अधिक गैस कनेक्शन जारी किए हैं। इस बैठक में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्यमंत्री ओमप्रकाश यादव, उपायुक्त मोनिका गुप्ता, अतिरिक्त उपायुक्त वैशाली सिंह, महेंद्रगढ़ के एसडीएम हर्षित कुमार, कनीना के एसडीएम सुरेंद्र कुमार व बीजेपी के जिला प्रधान दयाराम यादव के अलावा अन्य गणमान्य नागरिक मौजूद थे।



**महेंद्रगढ़।** राव तुलाराम की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए। फोटो : हरिभूमि

# राष्ट्रीय युवा महासचिव ने ली कार्यकर्ताओं की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ महेंद्रगढ़

इनेलो के राष्ट्रीय युवा महासचिव करण चौटाला व युवा प्रदेश अध्यक्ष उदयवीर सिंह ने सोमवार को यादव धर्मशाला में इनेलो युवा कार्यकर्ता बैठक ली। इस दौरान कार्यकर्ताओं के साथ बातचीत कर आगामी 21 जनवरी को कैथल नई अनाज मंडी में आयोजित युवा सम्मेलन की तैयारियों पर समीक्षा की। युवा सम्मेलन की तैयारियों को लेकर कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां भी दी गई। युवा सम्मेलन को संबोधित करते हुए करण चौटाला ने कहा कि इनेलो की सरकार बनने पर हर घर में एक युवा को सरकारी नौकरी देंगे। गठबंधन सरकार युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है। भाजपा-जजपा गठबंधन सरकार में न तो सरकारी नौकरी की भर्ती की जा रही और जो हो रही हैं, उनके पेपर लीक हो रहे हैं। कानून व्यवस्था का बुरा हाल है तथा महंगाई चरम सीमा पर है। इनेलो की सरकार बनने पर हर ग्रहणी को प्रत्येक महीने गैस सिलेंडर मुफ्त देंगे। इसके प्रत्येक ग्रहणी को हर महीने 1100 रुपये देने का कार्य करेंगे। इस मौके पर हल्का प्रवक्ता लालसिंह तंवर, जिला अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक, हरियाणा उपाध्यक्ष राव होशियार सिंह, छोटेलाल गहली, जयसिंह सैनी, धर्मपाल नंबरदार, वेदप्रकाश नंबरदार, अमर सिंह जांगड़ा, महिला जिला अध्यक्ष संतोष चौहान, महिला हल्का अध्यक्ष श्याम कला, सतपाल, बली शेखावत, सतपाल, बिल्लू चेयरमैन, अरुण कुमार, युवा जिला अध्यक्ष दीपक यादव, युवा हलका प्रधान दिनेश यादव, युवा हलका प्रधान गौरव यादव व सौरव यादव उपस्थित रहे।

# यदुवंशी शिक्षा निकेतन समारोह का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ महेंद्रगढ़

- सांस्कृतिक कार्यक्रम बनेंगे आकर्षण का केंद्र



राव बहादुर सिंह

यदुवंशी शिक्षा निकेतन के स्थापना दिवस पर आयोजित होने वाले भव्य समारोह का आयोजन मकर संक्रांति के पर सुबह 10 बजे नई अनाजमंडी चरखी दादरी में किया जाएगा। कार्यक्रम में पूर्व राज्यपाल एवं प्रसिद्ध भारतीय राजनीतिज्ञ सत्यपाल सिंह मलिक मुख्यातिथि तथा सूरजगढ़ विधायक श्रवण कुमार अध्यक्ष के रूप में शिरकत करेंगे। समारोह में भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा के अंतर्गत आने वाले गांवों के साथ-साथ संपूर्ण हरियाणा प्रदेश से लाखों की संख्या में लोग सम्मिलित होकर कार्यक्रम की शोभा बढाएंगे। विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम आकर्षण का केंद्र रहेंगे। यदुवंशी ग्रुप चेयरमैन राव बहादुर सिंह ने कहा कि आप सभी से मेरी करबद्ध प्रार्थना है कि हमारा यह निमंत्रण सहृदय स्वीकार करें। यदुवंशी ने सर्वप्रथम महेंद्रगढ़ में अपनी शिक्षा का शुभारंभ किया और आज यह दक्षिण हरियाणा शिक्षा का हब बन चुका है। यदुवंशी प्रति वर्ष अपनी स्थापना दिवस पर बड़े से बड़े समारोह का आयोजन कर होनहार विद्यार्थियों व वरिष्ठ नागरिकों को सम्मानित करता रहा है। इस वर्ष ग्रुप के चेयरमैन राव बहादुर सिंह प्रत्येक गांव में जाकर लगभग दो हजार गांवों के वरिष्ठ नागरिकों को पहले ही सम्मानित कर चुके हैं। बच्चों के सुखद भविष्य के लिए शिक्षण संस्थान अहम भूमिका निभाते हैं। समस्त प्रदेश के चहुंमुखी विकास में शिक्षित विद्यार्थियों की भागीदारी रही है। राव ने कहा कि बिना शिक्षा के देश व समाज उन्नति नहीं कर सकता। शिक्षा ही वह अमोघ शस्त्र है जिसके बल पर भारत देश विकसित राष्ट्रों की श्रेणी में आने वाला है। यदुवंशी की स्थापना दिवस पर आप सभी चरखी दादरी पधारें एवं कार्यक्रम को यादगार बनाते हुए विद्यार्थियों की हौसला अफजाई करें।

### दुबलाना में परिनिर्वाण पर पौधरोपण कर नई शुरुआत की

**मंडी अटेली।** क्षेत्र के गांव दुबलाना में हवासिंह बौद्ध ने अपने पिता रामौतार के परिनिर्वाण पर पौधारोपण किया। परिवार ने खर्चीले संस्कारों को साइड करके तार्किक संस्कारों का निर्वहन किया। साथ ही भंते धम्मशील ने पंचशील का पाठ किया तथा बुद्ध की शिक्षाओं को समझाया। मृत्युभोज जैसी सामाजिक बुराई के प्रति अपनी बात कहते हुए हवा सिंह बौद्ध ने बताया कि हमारे समाज में मृत्युभोज बहुत बुरी परंपरा है। इसमें खर्च धन का कोई भी लाभ नहीं होता, अपितु यह गरीब परिवारों के जी का जंजाल बन जाती है। अपनों की याद में कोई पेड़-पौधा लगाया जाए तो बेहतर है। इस अवसर पर परिवार की तरफ से आमंत्रित श्रेष्ठ फाउंडेशन के सहयोग से रामौतार की याद में पौधे लगाए गए। इस अवसर पर कृष्ण रेवाड़ी, सुरेश जांगड़ा बौद्ध, सुरेंद्र अंबेडकर, रामकिशन मारोड़िया, नीरज कुमार, मनोज बुलाण, कैलाश बौद्ध व रितिक कुमार इत्यादि उपस्थित रहे।



**मंडी अटेली।** गांव दुबलाना में पौधरोपण करते हुए। फोटो : हरिभूमि

# नियम की अवहेलना करने वाले चालकों पर होगा केस

- गलत लेन में भारी वाहनों की वजह से होती हैं दुर्घटनाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

पुलिस अधीक्षक नितिश अग्रवाल ने बताया कि हाईवे पर अधिकतर दुर्घटनाएं गलत लेन में चलने वाले भारी वाहनों की वजह से होती हैं। पुलिस की ओर से लेन ड्राइविंग के नियमों की अवहेलना करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते हुए एफआईआर दर्ज की जाएगी। जिला पुलिस हाईवे पर गलत लेन ड्राइविंग करने वाले तथा यातायात नियमों की अवहेलना करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ समय-समय पर विशेष चैकिंग अभियान चलाकर मोटरवाहन अधिनियम के तहत वाहन चालकों के चालान करती है। उन्होंने कहा कि लेन ड्राइविंग के नियमों को ना मानने की वजह से हादसे हो रहे हैं। मोटर वाहन अधिनियम के तहत भारी वाहनों के हाईवे पर चलने के लिए बाई लेन निर्धारित की गई है। भारी वाहन अपनी लेन छोड़कर दूसरी लेन में चलते है, जो कि नियमों का उल्लंघन है। सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने व वाहनों के सुचारू रूप से आवागमन के लिए मोटर वाहन अधिनियम के अंतर्गत निर्धारित गति सीमा, लेन ड्राइविंग व रॉन्ग साइड वाहन न चलाने की वाहन चालकों से लगातार अपील की जा रही है। उन्होंने कहा कि पुलिस की ओर से लेन ड्राइविंग के नियम को अवहेलना पाए जाने पर भविष्य में एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

### सड़क दुर्घटना की पुनरावृत्ति न होने पाए

पुलिस अधीक्षक ने वाहन चालकों से धुंध में धीमी गति व पूरी सावधानी से वाहन चलाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि वाहनों पर रिफलेक्टर टेप लगवाने के साथ ही फॉग लाइट का प्रयोग करें। कोहरे में आगे वाले वाहन से गाड़ी निश्चित दूरी व अपनी लेन पर वाहन चलाएं। सुरक्षित सफर के लिए वाहन चालक यातायात नियमों की पालना करें, ताकि भविष्य में किसी सड़क दुर्घटना की पुनरावृत्ति न होने पाए।

# एनएसएस शिविर के अपने अनुभव सांझा किए

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

पीएम श्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के प्रांगण में पिछले एक सप्ताह से चल रहा एनएसएस कार्यक्रम का समापन मंगलवार को किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि समाजसेवी एवं शिक्षाविद राजकुमार यादव थे। विशिष्ट अतिथि के तौर पर प्रिंसिपल सुनील कुमार सीनियर सेकेंडरी स्कूल बिहाली मौजूद रहे। इसके अलावा अतिथियों के तौर पर एसएमसी प्रधान बबीता, उप प्रधान नरेश, मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल के मिडिल हेड हनुमान प्रसाद शामिल थे। इस अवसर पर एनएसएस स्वयंसेविकाओं ने नृत्य, संगीत, कविताएं व पिछले छह दिनों का एनएसएस कैंप के अपने अनुभव सांझा किए। कार्यक्रम में प्रिंसिपल सुनील कुमार ने बच्चों को लगन, चेष्टा, जुनून, शिक्षा के प्रति, कार्य के प्रति जागृत रखने का भाव पैदा किया। मुख्य अतिथि राजकुमार ने कहा कि इस तरह के आयोजनों का होते रहना राष्ट्रीय सेवा में अपना योगदान बढ़ते रहना है, इसके लिए बहुत बधाई दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रिंसिपल राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय शीला कुमारी ने की। कार्यक्रम का संचालन एनएसएस प्रभारी कमलेश शर्मा ने किया। इस मौके पर अंजना यादव लेक्चरर हिंदी, दीपा लेक्चरर बायो, मंजू यादव लेक्चरर फिजिक्स, विजय सिंह हिंदी अध्यापक आदि मौजूद थे।



**नारनौल।** एनएसएस शिविर के दौरान स्वयंसेवक व स्कूल स्टॉफ। फोटो : हरिभूमि



**नांगल चौधरी।** पीटीएम में अभिभावकों को बच्चों की प्रोग्रेस रिपोर्ट सौंपते शिक्षक।

# कमजोर छात्रों को अगली बैंच पर बैठाकर पढ़ाई करवाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ नांगल चौधरी

- सरस्वती पब्लिक स्कूल भोजावास में विद्यार्थियों की प्रोग्रेस का किया मूल्यांकन, एकाग्र होकर पढ़ने के दिए टिप्स

सरस्वती पब्लिक स्कूल भोजावास में आयोजित पीटीएम में विद्यार्थियों की प्रोग्रेस रिपोर्ट का मूल्यांकन किया गया। अभिभावकों को बच्चों की सोसायटी तथा स्कूल के होमवर्क पर नजर रखने की हिदायत दी। साथ ही महीने में एक बार स्कूल आकर क्लास इंचार्ज से संपर्क करें, ताकि बच्चे की लापरवाही का तुरंत पता चल सके। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य राजेश कुमार ने की, जिसमें संस्था के एमडी अमित यादव मौजूद रहे। उन्होंने बताया कि स्कूल में बच्चा अनुशासित माहौल में रहता है। घर पर अनुशासन का बंधन नहीं होता, जिस कारण कई बच्चे दोस्तों के साथ गपशप को प्राथमिकता देने लगते हैं। ऐसे में अभिभावकों को बच्चों की सोसायटी पर नजर रखना बेहद जरूरी है, साथ ही होमवर्क पूरा होने के संदर्भ में पूछताछ करते रहे। नोटिस डायरी को चेक करते रहे, जिसमें बच्चे की दैनिक रिपोर्ट का विवरण होता है। उन्होंने कहा कि पढ़ाई में कमजोर बच्चे पीछे की बैंच पर बैठना पसंद करते हैं, क्योंकि उनमें शिक्षक से नजरें मिलाने की हिम्मत नहीं होती। ऐसे में शिक्षकों को चाहिए कि वे कमजोर बच्चों को आगे की बैंच पर बैठाएं और उससे बार-बार सवाल तथा उत्तर पूछते रहे। जिससे बच्चे की एकाग्रता बढ़ेगी और पढ़ाया हुआ समझ में आने लगेगा। अभिभावकों को बच्चों की मासिक प्रोग्रेस रिपोर्ट सौंपी।

## मिड-डे-मील कार्यकर्ता यूनियन की बैठक आयोजित

# कार्यकर्ता 11 को डायरेक्टर को सौंपेंगे ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ महेंद्रगढ़

मिड-डे-मील कार्यकर्ता यूनियन हरियाणा संबंधित एआईयूटीयूसी की ओर से मंगलवार को मिड-डे-मील कर्मियों की मीटिंग जिला प्रधान सुनीता जांगड़ा की अध्यक्षता में चौधरी रणबीर सिंह हुड्डा पार्क में हुई। मीटिंग का संचालन जिला सचिव संतोष यादव ने किया। मीटिंग में वक्ताओं ने कहा कि मिड-डे-मील कुक कम हेल्पर्स सरकारी स्कूलों में खाना बनाने का काम करती है, जो बेहद गरीब परिवारों से हैं। मिड-डे-मील कुक कम हेल्पर्स केंद्र व राज्य सरकार की पोषहार नीति को लागू कर नौनिहालों को कुपोषण से बचाने का काम करती है। मिड-डे-मील कार्यकर्ता जिस ममतामई भावना से बच्चों को खाना बनाकर खिलाती हैं। उन्हें सरकार की ओर से उनकी न्यायसंगत व बेहद वाजिब मांगों को भी अनसुना व अनदेखी की जा रही है। स्कूल मर्ज होने की स्थिति में मिड-डे-मील कुक कम हेल्पर्स को हटा दिया जाता है, मिड-डे-मील कुक कम हेल्पर्स को ना ही श्रमिक मानकर न्यूनतम वेतन दिया जा रहा और जो बेहद मामूली मानदेय दिया जा रहा है। वह भी साल में केवल 10 महीने ही का मानदेय दिया जाता है, जो भी समय पर नहीं मिलता। सरकार की इस प्रकार की अनदेखी के चलते मिड-डे-मील कार्यकताअरं में भारी रोष है।



**महेंद्रगढ़।** हुड्डा पार्क में बैठक करती मिड-डे-मील कार्यकर्ता। फोटो : हरिभूमि

- न्यायसंगत मांगों को किया जा रहा अनदेखा

### ये रहे उपस्थित

मिड-डे-मील कार्यकर्ता यूनियन हरियाणा संबंधित एआईयूटीयूसी का एक प्रतिनिधिमंडल 11 जनवरी को मौलिक शिक्षा विभाग, पंचकूला के डायरेक्टर से ज्वलंत मुद्दों को लेकर मिलेगा, जिसमें जिले से भी मिड-डे-मील पदाधिकारी शामिल होंगे। वह ज्ञापन में मिड-डे-मील कर्मियों को चिरायु योजना में बिना प्रीमियम लिए शामिल किया जाए, 1500 रुपये प्रीमियम सालाना कटौती नहीं करने, परिवार पहचान पत्र से अलग मिड-डे-मील को मिलने वाले सात हजार रुपये प्रतिमाह से गणना करने, साल में 10 माह के स्थान पर 12 महीने का मानदेय भुगतान करने, स्कूल मर्ज होने की स्थिति में मिड-डे-मील कुक कम हेल्पर्स को भी पास के स्कूलों में समायोजित करने, मिड-डे-मील कर्मियों को श्रमिक मानते हुए न्यूनतम वेतन लागू करने, समय पर मानदेय भुगतान करने, पिछले दो महीने का मानदेय भुगतान करने सहित अनेक मांग रखेंगे। इस मौके पर जिला प्रधान मास्टर सुबे सिंह, कनीना ब्लाक प्रधान सुमित्रा, जिला उप प्रधान संतोष पालड़ी, राजेश, राजवंती, कविता, बनीता, शर्मिला, शकुंतला, बिमला, प्रमिला, पूजा, मुकेश कुमार सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रही।

### मोबाइल फोन व नकदी चोरी का आरोपी गिरफ्तार कोर्ट से रिमांड पर लिया

**रेवाड़ी।** थाना मॉडल टाउन पुलिस ने देवलावास से गत वर्ष मोबाइल फोन और नकदी चोरी करने के एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। उसे कोर्ट में पेश करने के बाद एक दिन के रिमांड पर लिया गया है। देवलावास निवासी नरेश कुमार ने बताया था कि वह रात को कौथल कलां निवासी प्रेम कुमार के साथ अपने प्लॉट में सो रहा था। सुबह जब वह उठा तो प्रेम कुमार का मोबाइल फोन व 21700 रुपये गायब मिले। उसकी शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू की थी। जांच के बाद पुलिस ने मोहल्ला वैद्यवाड़ा निवासी जोनी सैनी उर्फ सुलतान को गिरफ्तार किया है। सामान बरामद करने के लिए उसे रिमांड पर लेकर पूछताछ की जा रही है।

## खबर संक्षेप


कनीना। श्रीकृष्ण गौशाला प्रबंध समिति को चेक प्रदान करते विधायक सीताराम यादव। फोटो : हरिभूमि

### विधायक ने गौशाला कनीना को सौंपा 10.12 लाख का चेक

**कनीना।** गाय में 33 करोड़ देवी-देवता निवास करते हैं। गायों की सेवा से देवी-देवता प्रसन्न होते हैं। ये विचार अटेली हलका विधायक सीताराम यादव ने सोमवार को श्रीकृष्ण गौशाला में गायों की देखरेख एवं चारे के लिए गौशाला समिति को 10 लाख 12 हजार 500 रुपये का चेक प्रदान करते हुए व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार गायों के संरक्षण पर ध्यान दे रही है।

### फार्म से छह बकरी चोरी, केस दर्ज

**महेंद्रगढ़।** गांव निंबी में बकरी फार्म से अज्ञात चोरी छह बकरी चोरी करके ले गए है। पीड़ित ने सदर पुलिस थाने में शिकायत देकर चोरों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने शिकायत मिलने के बाद मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव निंबी निवासी राजेश कुमार ने सदर पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि उसने अपने खेत में बकरी फार्म कर रखा है।

### कर्मचारी यूनियन के पदाधिकारियों की बैठक आज

**कनीना।** हरियाणा पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल कर्मचारी यूनियन की बैठक जलघर पर 10 जनवरी को होगी। ब्रांच प्रधान कृष्ण कुमार ने बताया कि बैठक में कर्मचारियों की मांगों को लेकर विचार-विमर्श किया जाएगा।

### पंकज अग्रवाल ने पास की सीए परीक्षा

**नारनौल।** शहर निवासी पंकज अग्रवाल पुत्र अशोक कुमार अग्रवाल ने सीए की परीक्षा पास की है। इस परीक्षा को पास कर पंकज अग्रवाल सीए बन गए है। जिस पर परिवार व मित्रों में अपार खुशी का माहौल है। पंकज के बड़े भाई प्रवीण अग्रवाल ने भी सीए परीक्षा पास की है।



# नांगल चौधरी शहर का बाईपास रोड मंजूर, नप क्षेत्र में लगेंगी स्ट्रीट लाइट

- शहर के मुख्य मार्गों पर बनेंगे स्वागत द्वार : विधायक डा. अभय सिंह यादव
- जल संशोधन संयंत्र शीघ्र चालू होगा

हरिभूमि न्यूज नारनौल

नांगल चौधरी नगरपालिका क्षेत्र के विकास के लिए कई महत्वपूर्ण कामों की प्रक्रिया ने गति पकड़ी है। नांगल चौधरी निजामपुर रोड को नांगल चौधरी ढाणी ठाकरान शहबाजपुर सड़क से मिलाने के लिए सरकार ने 2.39 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली सीमेंट कंक्रीट की सड़क के निर्माण की मंजूरी प्रदान की है। इसके साथ ही शहर में स्ट्रीट लाइट लगाने एवं शहर की मुख्य सड़कों पर स्वागत द्वार बनाने की दिशा में भी काम हो रहा हैं। नांगल चौधरी के विधायक डा. अभय सिंह यादव ने इसकी विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि निजामपुर रोड पर कृष्णावती नदी के साथ साथ अब नांगल चौधरी निजामपुर सड़क को ढाणी ठाकरान नांगल चौधरी सड़क से मिलाने के लिए सीमेंट की सड़क रिटेनिंग वाल के साथ बनाने की मंजूरी सरकार से प्राप्त हो चुकी है। यह सड़क बनने के बाद नौलायजा, भेडंटी, ढाणी जाजमा एवं दोस्तपुर आदि गांवों से आने वाले लोगों को नांगल चौधरी के बीच से तंग गलियों से गुजरना नहीं पड़ेगा। यह सड़क सीधे निजामपुर सड़क पर पहुंचा देगी एवं शहर के बीच से वाहनों की आवाजाही कम होगी। आवासीय क्षेत्रों में वाहनों की वजह से होने वाली दिक्कतों से छुटकारा मिलेगा। एक तरह से यह सड़क शहर के बाईपास का काम करेगी। इसके साथ ही नगरपालिका में सभी जगह स्ट्रीट लाइट लगाने के लिए लगभग छह करोड़ रुपये का एस्टिमेट तैयार करके सरकार को भेजा जा रहा है एवं इसकी मंजूरी के बाद शहर में स्ट्रीट लाइट लगाई जाएंगी। उन्होंने बताया कि शहर के चारों मुख्य मागार्ं नारनौल रोड, निजामपुर रोड, कोटपूतली रोड व बहरोड़ रोड पर स्वागत द्वार बनाने के लिए 40 लाख रुपये की राशि सरकार से प्राप्त हो चुकी है तथा इसकी टेंडर प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। इसका निर्माण भी शीघ्र किया जाएगा। नगर पालिका क्षेत्र में सीवर लाइन की व्यवस्था को पूरी तरह से सुरक्षित तथा निर्बाध बनाने के लिए जल संशोधन संयंत्र का निर्माण अगले दो महीने में पूरा कर लिया जाएगा तथा इससे सीवर का पानी भी संशोधित होकर कृषि के काम में लिया।

#### अर्थव्यवस्था में आमूलचूल सुधार किया



*यादव ने कहा कि नगर पालिका क्षेत्र को उपमंडल का दर्जा प्राप्त होने के बाद सभी सुविधाएं विकसित की जाएंगी और यथा शीघ्र उपमंडल सचिवालय एवं सार्वजनिक विश्रामगृह बनाने का प्रस्ताव भी सरकार के पास भिजवाया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार इस क्षेत्र के विकास के लिए हमेशा तत्पर है तथा पिछले नौ साल से अधिक समयावधि में नांगल चौधरी विधानसभा क्षेत्र के विकास के लिए हजारों करोड़ रुपये प्रदेश तथा केंद्र सरकार ने खर्च किए हैं तथा पूरे क्षेत्र की अर्थव्यवस्था में आमूल चूल सुधार किया है।*

### मिशन कर्मयोगी के तहत दी गई ट्रेनिंग

**नारनौल।** राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में चल रही मिशन कर्मयोगी ट्रेनिंग में विभिन्न विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में मंगलवार को जिन अधिकारियों व कर्मचारियों को बुलाया गया था, वे सभी अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे। यह जानकारी देते हुए मिशन कर्मयोगी ट्रेनिंग के जिला नोडल अधिकारी डीएस यादव ने बताया कि सभी शासकीय अधिकारियों व कर्मचारियों को मिशन कर्मयोगी ट्रेनिंग दी जा रही है, ताकि उनके कौशल में बढ़ोतरी हो तथा काम करने की क्षमता में विकास हो।

## कनीना क्षेत्र में पुलिस ने अवैध शराब की पांच पेटियां पकड़ीं

# पूर्व विधायक व कनीना सिटी एसएचओ की बहस, वीडियो हुआ वायरल

- ऑडियो में पहले नांगल चौधरी विधायक बताया, बाद में पूर्व विधायक बताकर व्यक्ति ने करवाई बात
- दोनों के बीच बहसबाजी के बाद पूर्व विधायक ने एसएचओ के खिलाफ जारी की वीडियो, लगाए रिश्वत के आरोप

हरिभूमि न्यूज नारनौल

कनीना क्षेत्र में पुलिस ने अवैध शराब की पांच पेटियां पकड़ी। जिस गाड़ी में यह शराब थी, उसके चालक पर केस दर्ज किया। पुलिस कथन के अनुसार चालक ने जिस ठेके से यह अवैध शराब लेकर आने की बात कही, वहां पुलिस पहुंची और ठेके के मुनीम को जांच में शामिल होने व सीसीटीवी फुटेज देने के लिए नोटिस दिया। इसी मामले को लेकर सोमवार शाम कनीना सिटी एसएचओ के पास पूर्व विधायक राव बहादुरसिंह ने फोन पर बातचीत की। बातचीत बहसबाजी में तब्दील हो गई और यह ऑडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गई। बाद में पूर्व विधायक ने वीडियो जारी कर एसएचओ पर गंभीर आरोप लगाए। एसपी ने जांच के आदेश दे दिए है।


एसएचओ कमलदीप।

#### पूर्व विधायक ने लगाया एसएचओ पर रिश्वत का आरोप



पूर्व विधायक राव बहादुरसिंह की एक वीडियो वायरल हुई है। उसमें राव बहादुरसिंह कह रहे है कि बड़ा अफसोस है अनिल विज जैसा प्रदेश का गृह मंत्री हो, फिर भी महेंद्रगढ़ जिला में भ्रष्टाचार कुछ अधिकारी कर रहे है। वह बात कनीना सिटी एसएचओ की कर रहे है। इस एसएचओ ने बड़ी लूट मचाने का काम किया। आज कुछ ठेकेदार आए। उन्होंने कहा कि सिटी इंचार्ज लगा हुआ है, वह हमसे लाखों रुपये भी लेता है और मुकदमें भी बनाता है। यह सुन वह ताजुब में पड़ गए कि आज हमारे दक्षिणी हरियाणा को इतना कमजोर समझ लिया। अधिकारी पैसा लेने में पीछे नहीं हट रहे। जिसका दोष भी ना हो, उसे 120बी में शामिल कर लिया जाए। जिस तरह से ऐसे लोग पैसा ऐंठने का काम करते है। वह पहले तो गृह मंत्री अनिल विज जैसे मंत्री का धन्यवाद करते है, जिन्होंने ऐसे अधिकारियों की जांच करवाकर सस्पेंड करने का काम किया। हमारा एसपी ईमानदार है। लेकिन जिस तरह से यह सिटी इंचार्ज लगा है, कनीना में आकर लूट मचाने का काम किया। ऐसे लोगों पर सरकार शिकंजा सरकार कसें। ऐसा नहीं होने पर हमें रोड पर आना पड़ेगा। सरकार के खिलाफ धरना प्रदर्शन करना पड़ेगा।

#### पुलिस पक्ष : बहस व दबाव बनाने की कोशिश

सोशल मीडिया पर एक ऑडियो वायरल हो रही थी, जिसमें थाना शहर कनीना प्रभारी पर रिश्वत लेने के आरोप थे। इस संबंध में पुलिस प्रवक्ता सुमित कुमार ने बताया कि थाना शहर कनीना की पुलिस टीम ने पांच जनवरी को बुलेरो गाड़ी से अवैध शराब बरामद की थी। जिसपर मामला दर्ज कर मामले में कार्रवाई की जा रही थी। गिरफ्तार किए गए आरोपित प्रदीप वासी मान्डोला सतनाली से पूछताछ की गई। जिसमे उसने बताया कि वह कारोली शराब के ठेके से यह अवैध शराब लेकर आया था। सोमवार देर शाम थाना शहर कनीना प्रभारी के पास एक कॉल आई, जिसमें सामने से बात कर रहे व्यक्ति ने मामले के संबंध में बहस की और दबाव बनाने की कोशिश की गई। व्यक्ति ने थाना प्रभारी पर एलिगेशन भी लगाए। पुलिस अधीक्षक नितिश अग्रवाल ने मामले को संज्ञान में लेते हुए अवैध शराब के मामले की जांच स्पेशल स्टाफ कनीना को दी है और थाना प्रभारी पर लगाए गए एलिगेशन की जांच के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि मामले की निष्पक्षता से जांच की जाएगी। अवैध शराब के मामले में संलिप्त किसी भी आरोपित को बख्शा नहीं जाएगा।

#### पांच जनवरी को एफआईआर नंबर चार दर्ज हुई

*उसमें पीएसआई वर्षा ने बताया है कि वह ईएचसी सत्यनारायण के साथ कोसली टी-प्वाइंट पर मौजूद थी। मुखबरी लगी कि गांव कारोली के ठेके से एक सफेद बुलेरो गाड़ी नंबर एचआर34एच0270 में अवैध शराब भरकर ले जाई जा रही है। जिस सूचना को सच्ची मानकर वहां नाकाबंदी की गई। उस नंबर की गाड़ी आई तो उसे पुलिस ने मुस्तैदी से रोका। गाड़ी चालक ने प्रदीप पुत्र जयप्रकाश वासी मान्डोला सतनाली बताया। गाड़ी को चैक किया तो बीच वाली सीट के नीचे पांच गत्ता पेट्टी रखी मिी। उसमें देशी मार्का एनवी रशीला संतरा की कुल 48 बोतल थे। एक पेट्टी में अंग्रेजी मार्का रॉयल टैग की 11 बोतल बरामद हुई। लाइसेंस व परमिट मांगा तो चालक पेश नहीं कर सका। पुलिस ने इस मामले में चालक प्रदीप के खिलाफ शराब अधिनियम की धारा 61 के तहत केस दर्ज किया गया। पुलिस मामले की तहकीकात कर रही है।*


मंडी अटेली। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते निकाय प्रदेश अध्यक्ष ऋषिराज।

# अटेली की हर कॉलोनी होगी अप्रूव्ड: ऋषिराज

- शहर में 70 प्रतिशत हिस्सा में बनी कालोनी अन अप्रूव्ड हैं

हरिभूमि न्यूज मंडी अटेली

जेजेपी के शहरी निकाय के प्रदेश अध्यक्ष ऋषिराज ने अटेली शहर के लोगों की समस्या सुनी। शहर के लोगों ने उनके सामने शहर की अन अप्रूव्ड कालोनी के बारे में बताया। शहर के लोगों ने बताया कि शहर में 70 प्रतिशत हिस्सा में बनी कालोनी अन अप्रूव्ड हैं। ऐसे में वे यहां न तो मकान खरीद कर पा रहे हैं और न ही बेच पा रहे हैं। घर का ऋण लेने का लाभ भी उनको नहीं मिल रहा है। कालोनियों में मूलभूत सुविधाएं तक नहीं मिल रही है। उन्होंने मांग की कि शहर की सभी कालोनियों को अप्रूव्ड करवाई जाएगी। जिस पर उन्होंने बताया कि 31 जनवरी तक प्रदेश की दो हजार कालोनियों को अप्रूव्ड किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कालोनी अप्रूव्ड होने पर लोगों से पार्टी के लिए मजबूती से वोट मांगना है। जेजेपी पार्टी शहरी विकास में लगी हुई है। उन्होंने कहा कि चुनाव नजदीक हैं। इसलिए आप पार्टी की मजबूती के लिए जी जान से जुट जाए। उन्होंने कहा कि पार्टी ताउ देवीलाल की नीतियों को आगे बढ़ाने के लिए लगी हुई है। इस मौके पर शहर के लोग शहर में सार्वजनिक शैचालयों का अभाव के बारे में भी बताया। उन्होंने कहा कि वे उपमुख्यमंत्री दुष्यंत से मिलकर जल्द समाधान करवाने की मांग रखेंगे। इस मौके पर शहरी निकाय अटेली के अध्यक्ष सतबीर सिंह मुनीम, पंचायत प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष वेदू राता, जेजेपी के मनोनीत पार्षद डा. राजकुमार व अग्रवाल सभा के जिला प्रधान संजय अग्रवाल सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# पटवारी एवं कानूनगो का धरना जारी

- सरकार की वेतन विसंगतियों का विरोध कर रहे पटवारी व कानूनगो

हरिभूमि न्यूज नारनौल


नारनौल। लघु सचिवालय पार्क में धरने पर बैठे पटवारी व कानूनगो। फोटो : हरिभूमि

रेवेन्यू पटवार एवं कानूनगो एसोसिएशन का धरना मंगलवार को सातवें दिन जारी रहा। बता दें कि पांच जनवरी तक सांकेतिक धरने पर बैठे जिले के तमाम पटवारी व कानूनगो ने सरकार की तरफ से अभी तक भी कोई बुलावा न आने पर धरने को 10 जनवरी तक आगे बढ़ा दिया है। मंगलवार को रिटायर्ड कर्मचारी संघ के राज्य प्रधान बाबूलाल, जिला प्रधान सुमेर सिंह, पेंशन बहाली संघर्ष समिति के जिला प्रधान सुरेंद्र यादव, ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ से जिला सचिव बसंत कुमार व पीडब्ल्यूडी यूनियन से कोषाध्यक्ष नरेंद्र कुमार ने अपने साथियों के साथ धरना स्थल पर पहुंचकर अपना समर्थन दिया।

इस अवसर पर जिला प्रधान सुनील तंवर ने समर्थन करने वाले सभी संगठनों का स्वागत करते हुए बताया कि पटवारी एवं कानूनगो साथी सरकार की वेतन विसंगतियों का विरोध कर रहे है। सरकार की ओर से वेतन वृद्धि का झूठा खेल उनके साथ खेला गया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री व उप मुख्यमंत्री ने अपनी तरफ तो वेतन को नोशनली लागू करने हेतु अपनी अनुशंसा करते है। वहीं दूसरी ओर इसे लागू करने में कोई रुचि नहीं दिखा रहे है। सरकार की ओर से पटवारी व कानूनगो ही नहीं बल्कि हर सरकारी कर्मचारी का शोषण किया जा रहा है। सरकार की वादा खिलाफी के विरोध में प्रदेशभर में पटवारी व कानूनगो धरने पर बैठकर संघर्ष करने को मजबूर है। उन्होंने कहा कि पटवारी एवं कानूनगो हाड़कंपा देने वाली सर्दी में सरकार के विरोध में पूरी ताकत के साथ मजबूरीवश धरने पर बैठे हैं। सरकार की हठधर्मिता व वादा खिलाफी के कारण ही आज कर्मचारी वर्ग सड़क पर हैं ।



### माता की पुण्यतिथि पर गोशाला में लगाई सवामणी

नारनौल। बाबा खेतानाथ गोशाला खेड़की में गांव नांगलकाठा निवासी शुभराम यादव ने अपनी माता स्वर्गीय सावित्री देवी की 12वीं पुण्यतिथि पर गायों के लिए सवामणी का आयोजन किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि हिंदू धर्म में गऊ को गोमाता कहा गया है, क्योंकि इसमें सभी देवी-देवताओं का वास होता है। भगवान श्रीकृष्ण को भी गऊ बड़ी प्रिय थी और वह इसी प्रेम में गवाले भी कहलाए। उन्होंने कहा कि गऊओं की सेवा से बड़ा पुण्य मिलता है। उन्होंने कहा कि उनकी माता सावित्री देवी बड़े धार्मिक विचारों वाली महिला थी और उन्हें भी गऊओं से बड़ा प्रेम था। वह खाना बनाते वक्त पहली रोटी गाय की बनाती थी।

# एसडीएम ने सुनीं नागरिकों की समस्याएं

- लोगों की समस्याओं का मौके पर ही किया समाधान

हरिभूमि न्यूज महेंद्रगढ


महेंद्रगढ़। नागरिकों की समस्याएं सुनते एसडीएम हर्षित कुमार। फोटो : हरिभूमि

एसडीएम हर्षित कुमार आईएएस ने कहा कि जिला प्रशासन राज्य सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का प्रयास कर रहा है। फिर भी अगर किसी नागरिक को सेवाओं के संबंध में कोई शिकायत है तो वह उनके सामने रख सकता है। एसडीएम मंगलवार को प्रशासनिक भवन में कैंप कार्यालय लगाकर लोगों की शिकायतें सुन रहे थे। कैंप कार्यालय में जिले के नागरिकों ने 14 समस्याएं एसडीएम के समक्ष सुनवाई के लिए रखी। इनमें से ज्यादातर का मौके पर ही समाधान किया तथा शेष को अधिकारियों को जल्द से जल्द निपटाने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि यहां पर मिलने वाली हर शिकायत को अधिकारी व्यक्तिगत रुचि लेकर दूर करें। कोई भी शिकायत आए तो केवल अपने अधीन काम करने वाले कर्मचारियों को फॉरवर्ड करने तक ही सीमित नहीं रहनी चाहिए। हर शिकायत का फॉलोअप करना चाहिए। इस मौके पर जमीनी विवाद से संबंधित समस्याएं, बिजली से संबंधित समस्याएं, रास्तों व नालियों की समस्याएं, बीपीएल राशन कार्डों से संबंधित व कब्जे संबंधित, पेंशन बनवाने संबंधित समस्याएं सुनी। इन सभी को जल्द से जल्द दूर करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। इस मौके एग्रीकल्चर विभाग से गजानंद, कल्याण विभाग से धर्मेंद्र, एसईसीपो अशोक कुमार, खाद्य आपूर्ति विभाग से इंस्पेक्टर बिरमा, समाज कल्याण विभाग से प्रदीप कुमार, क्रीड विभाग से अनीता, महिला एवं बाल विकास विभाग से सहायक संदीप, रोजगार कार्यालय से योगेश, बिजली विभाग से हिमांशु आदि मौजूद रहे।

### एचएसएनसीबी यूनिट ने की रेड, नशीले पदार्थ सहित एक को किया गिरफ्तार

**नारनौल।** शहर की श्रीश्याम कॉलोनी में रहने वाले व्यक्ति को एचएसएनसीबी यूनिट रेवाड़ी टीम ने रेड मारकर पकड़ा है। उसके पास नशीला पदार्थ मिला है। आरोपित धर्मेंद्र शर्मा के खिलाफ सिटी पुलिस थाना में केस दर्ज कर लिया है। एचएसएनसीबी यूनिट रेवाड़ी के एसआई बलवंत सिंह ने बताया है कि वह एचसी रोहताश कुमार, सिपाही प्रवीण कुमार व चालक एचसी सुरेश कुमार की पूरी टीम के साथ शहर में निजामपुर टी-प्वाइंट पर था। मुखबरी लगी कि शहर में श्रीश्याम कालोनी वासी धर्मेंद्र शर्मा उर्फ जग्गू मकान के साथ बनी दुकान के बाहर खड़ा होकर नशीला पदार्थ गांजा बेच रहा है। इसके बाद टीम ने रेड की। वहां एक युवक खड़ा था। उसके दाहिने हाथ में काले रंग की प्लास्टिक पॉलीथिन थी। उसे टीम सदस्यों ने काबू किया। पॉलिथिन में 225 ग्राम नशीला पदार्थ मिला।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो वह निम्न टेलीफोन नम्बरों पर कार्यालय समय पर सूचित करें :-
महेन्द्रगढ़ :- हरिभूमि कार्यालय, हुड्डा पार्क के सामने, डाक्टर भगत डेंटल अस्पताल वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, महेंद्रगढ़।
नारनौल :- सत्य प्लाजा, प्रथम तल, तरूण कलर लैब वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, नारनौल
फोन : 8295738500, 9253681005



महेंद्रगढ़। राम मंदिर का चित्र व पत्रक बांटते हुए। फोटो : हरिभूमि

### 22 जनवरी को दीप जलाकर मनेगी दीपावली

*महेंद्रगढ़। अयोध्या में श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा पर 22 जनवरी को अपने घरों व प्रतिष्ठानों में बड़ी खुशी के साथ दीप जगाकर दीपावली मनाने का निमंत्रण देने के लिए वार्ड नंबर-छह में वेद धरसूंवाले, विजय अग्रवाल, श्रीमोहन वशिष्ठ, जेपी मिश्रा ने अयोध्या से आए पूजित अक्षत, राम मंदिर का चित्र व पत्रक बांटने का कार्य किया। कार्यक्रम के जिला पालक सुभाष डागर, नगर संयोजक दयाशंकर तिवाड़ी व नगर पालक महावीर भांडोरिया ने बताया कि इस टोली ने वार्ड नंबर-छह ने स्वतंत्रता सेनानी स्व. पं. मुरलीधर शास्त्री के पुत्र वरिष्ठ अधिवक्ता बुद्धिप्रकाश एडवोकेट को निमंत्रण दिया तथा मंदिर में भी दीपों को जगाने के लिए कहा। शहर के 15 वार्डों की बनाई गई पांच बस्तियों में लोगों को निमंत्रण दिए जाने का कार्य एक जनवरी से चल रहा है और यह 15 जनवरी तक तय कार्यक्रम के अनुसार पूरा कर लिया जाएगा। लोगों में बड़ा उत्साह नजर आ रहा है।*

**संकट** स्टेशनरी नहीं होने से उपभोक्ताओं की बढ़ी परेशानी

# जमीन की नकल चाहिए तो साथ लेकर आएं कागज

एनआईसी की ओर से स्टेशनरी बिलों को मंजूरी न दिए जाने से उत्पन्न हुए हालात

हरिभूमि न्यूज कनीना

एक ओर ठंड में पटवारियों की हड़ताल दूसरी ओर अंत्योदय सरल केंद्र में पखवाड़ेभर से कागजों की कमी। जरूरतमंदों को इस समय कई मोचार्ं पर लड़ाई लड़नी पड़ रही है। कनीना के अंत्योदय सरल केंद्र से कोई भी नागरिक जमीन सहित विभिन्न प्रकार की नकल या दस्तावेज लेने के लिए जाए तो कम्प्यूटर-प्रिंटर में इस्तेमाल होने वाले कागज जरूर साथ लेकर जाए अन्यथा उनका कार्य लटक सकता है। जी हां, यहां पर कम्प्यूटर ऑपरेटरों की करीब आठ टेबल लगी हुई हैं। जिन पर कागजों का अभाव बना हुआ है। बताया जाता है कि कार्यालय में काम करने वाले कम्प्यूटर ऑपरेटरों को एनआईसी जिला मुख्यालय की ओर स्टेशनरी उपलब्ध करवाई जाती है। दिलचस्प बात है कि स्टेशनरी के बिलों को मंजूरी नहीं मिलने के चलते कागजों की समस्या बनी हुई है। हालात यह है कि जो व्यक्ति किसी भू-लेख की नकल लेने जाता है तो उसे कम्प्यूटर ऑपरेटर कागज लाने का फरमान करते हैं। उपमंडल प्रशासन की नजरों तले कागज उपलब्ध करवाने वाले व्यक्तियों का कार्य किया जा रहा है। कागज नहीं लाने वाले उपभोक्ताओं को मायूस होकर लौटना पड़ रहा है। इस बारे में कम्प्यूटर ऑपरेटरों ने कहा कि इस समस्या से अधिकारियों को अवगत करवाया जा चुका है। इस बारे में सरल केंद्र में जमीन की ऑनलाइन नकल लेने पहुंचे उपभोक्ता सुरेश कुमार, राकेश कुमार, दलीप कुमार, देवेंद्र सिंह, मोती कुमार, सुनील व रामकिशन ने बताया कि उनकी ओर से नकल की मांग की गई। जिस पर कम्प्यूटर ऑपरेटर ने कागज न होने की बात कही। बाजार से कागज उपलब्ध करवाने पर नकल मुहैया हो सकी। ऐसा करने से उन्हें कागज खरीदने तथा नकल फीस देने के चलते दोहरा आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा। उपायुक्त मोनिका गुप्ता से दूरभाष पर संपर्क करना चाहा, लेकिन कोई रेस्पांस नहीं मिला।

#### जल्द ही होगा समस्याओं का समाधान

हलका विधायक सीताराम यादव ने कहा कि उन्हें यह जानकारी मिली है। सरल केंद्र में कागजों-स्टेशनरी की समस्या को लेकर डीसी से रिपोर्ट ली जाएगी। जल्द से जल्द इसका समाधान किया जाएगा। भविष्य में इस प्रकार की समस्या सामने नहीं आने दी जाएगी।